दुर्लभ क्लैडिशेप मशरूम की खेती शुरू, कैप्सूल, टी-बैग भी बनाए

अच्छी खबर

■ मनीष श्रीवास्तव

वाराणसी। जापान, चीन और भारत के हिमालयी क्षेत्रों में पैदा होने वाले दुर्लभ और महंगे क्लैडिशेप मिली टेरिस मशरूम की खेती बनारस और मिर्जापुर में शुरू हो गई है। इसकी प्रोसेसिंग करके इम्यूनिटी बूस्टर कैप्सूल और एनर्जी बूस्टर टी-बैग भी बनाया जा रहा है। कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आराजी लाइन के मेहंदीगंज निवासी किसान वंशनारायण और अनूप कुमार कुशवाहा तथा मिर्जापुर के त्रिपुरारी सिंह पटेल ने इसकी खेती शुरू की है।

क्लैडिशेप मशरूम काफी महंगा है। एक अनुमान के अनुसार 80000 से एक लाख प्रतिकिलो की दर से इसकी बिक्री होती है। केंद्र की ओर से मशरूम का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रक्रियाएं चल रही हैं। इसी कड़ी में मेहंदीगंज और मिर्जापुर में इसकी खेती शुरू हुई। इन किसानों ने मशरूम प्रोसेसिंग संयंत्र (लैब) स्थापित किए, जहां अत्याधुनिक मशीनों से कैप्सूल और टी-बैग बनाया जाता है।

बड़ी कामयाबी

- पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कृषकों ने क्लैडिशेप मिली टेरिस मशरूम की खेती शुरू की
- वाराणसी के मेहंदीगंज और मिर्जापुर के चुनार में बनी लैब
- कैप्सूल प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है तो एनर्जी बूस्टर टी-बैग मांसपेशियों में वृद्धि करता है
- यह मशरूम जापान, चीन और भारत में हिमालयी क्षेत्र में उगता है, अब काशी में भी





मेहंदीगंज में क्लैडिशेप मिली टेरिस मशरूम की खेती शुरू हुई (बाएं) तथा (दाएं) इस मशरूम से बनाया गया इम्यूनिटी बूस्टर कैप्सूल।

विटामिन सी और मिनरल से भरपूर



कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राहुल कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य मशरूम से इस विशिष्ट प्रजाति के मशरूम की गुणवत्ता में काफी फर्क होता है। क्लैडिशेप मशरूम में बड़ी मात्रा में विटामिन सी और मिनरल होता है। यह एंटी बैक्टीरियल होता है। इससे कैंसर प्रबंधन में काफी मदद मिलती है। यह लिवर और किडनी फंक्शन को सही रखता है।

इस तरह बनते हैं कैप्सूल और टी-बैग



मशरूम उत्पादक अनूप कुमार कुशवाहा ने बताया कि तैयार मशरूम को पहले सुखाया जाता है। फिर इसका पाउडर बनाया जाता है। इस पाउडर को कैप्सूल में भर दिया जाता है। कैप्सूल की पावर 5 एमजी होती है। वहीं, टी-बैग बनाने के लिए भी पाउडर का ही प्रयोग किया जाता है। इसमें अलग-अलग फ्लेवर के हिसाब से दालचीनी, इलायची आदि मिक्स किए जाते हैं।



किसानों ने क्लैडिशेप मशरूम का उत्पादन पहली बार शुरू किया है। 100 वर्ग फीट के कमरे में इस मशरूम की पैदावार से किसानों को 1.5 से 2 लाख प्रतिमाह आमदनी होती है। केंद्र का प्रयास है कि अधिक से अधिक कृषक मशरूम की खेती करें। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाता है। – **डॉ. नवीन कुमार सिंह,** अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र

शहर 30s

नुक्कड़ नाटक से यात्रियों को दी सीख

वाराणसी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को कैंट स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक हुआ। कलाकारों ने रेल यात्रियों, वेंडरों और कर्मचारियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया। इधर-उधर कूड़ा फेंकने से फैलने वाली बीमारी और डस्टबीन के महत्व की जानकारी दी गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश कुमार यादव, मंडल यांत्रिक अभियंता दिवाकर वार्ष्णेय और स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता, सीएचआई प्रशांत पंसारे शामिल रहे।

सहकारिता राज्यमंत्री का किया गया स्वागत

वाराणसी। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर का बुधवार को सर्किट हाउस में विभाग के अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। संयुक्त आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोमी सिंह ने राज्यमंत्री को मंडल की प्रगति से अवगत कराया। इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सुरेंद्र मौर्य समेत मंडलीय तथा जनपदीय कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रह्लाद कुमार वर्मा चौथी बार सहायक महासचिव



वाराणसी। ऑल इंडिया ओवरसीज बैंक एम्प्लॉइज यूनियन (एआईओबीईयू) के सहायक महासचिव पद पर बनारस के प्रह्लाद कुमार वर्मा निर्वाचित हुए हैं। पिछले दिनों चेन्नई में 38वीं जनरल काउंसिल की बैठक में सर्वसम्मति से लगातार चौथी बार निर्वाचन हुआ है। इसके अलावा तीन प्रतिनिधि क्षेत्रीय समिति के सदस्य चुने गये हैं। इनमें वीरेंद्र वर्मा, अमन राज और रचना सिंह शामिल हैं। इस सम्मेलन में वाराणसी जोन की विभिन्न शाखाओं से अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सुनील यादव, महेश, कमलेश, अजीत शुक्ला, विजय नारायण, अनूप, प्रदीप, विनोद, राजेश, दीपक, विकास, रवींद्र कुमार शामिल रहे।

रेलवे में पेंशनर्स फैमिली आईकार्ड की उठाई मांग

वाराणसी। लहरतारा स्थित पीआरकेएस कार्यालय में बुधवार को पेंशनर्स एसोसिएशन ऑफ रेलवे की मासिक बैठक में पेंशनर्स फैमिली पहचान पत्र जारी करने का मुद्दा उठा। बैठक में 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के मामलों में त्वरित कार्रवाई अथवा चिकित्सा इकाइयों में दवा वितरण से संबंधित मुद्दों पर विचार किया गया। अध्यक्षता बीके सिंह और संचालन बसंत राय ने किया।

नारायणपुर में सीवर-पेयजल कार्य का शिलान्यास

वाराणसी। नारायणपुर वार्ड के कढ़वतिया क्षेत्र में मंगलवार को पार्षद संदीप रघुवंशी ने सीवर और पेयजल के कार्यों का शिलान्यास किया। यहां की गलियों में चौका पत्थर भी बिछाए जाएंगे। माताशरण पाठक, उमराव सिंह, अरविंद सिंह, रवि कौशिक, अरविंद पिंकू, देवानंद पटेल, सत्य प्रकाश पटेल, विकास सिंह, दीपक सिंह, रोहित गुप्ता, विक्की सोनकर, नीरज सिंह, जयंत सिंह मौजूद थे।

पूर्वोत्तर रेलवे के 11 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे (वाराणसी मंडल) के 11 कर्मचारी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। लहरतारा स्थित डीआरएम कार्यालय में उन्हें विदाई के मौके पर समापक देयों का भुगतान किया गया। अध्यक्षता करते हुए एडीआरएम अशोक वर्मा ने कहा कि रेल सेवा में इनका योगदान सम्मान से याद किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी राम सिंह मौजूद थे।

आजमगढ़-वाराणसी फोरलेन पर ढेरही टोल प्लाजा के विरोध में प्रदर्शन का था ऐलान

किसान नेता ने किया आत्मदाह का प्रयास, 14 लोग हिरासत में

दानगंज, संवाद। आजमगढ़-वाराणसी फोरलेन पर चोलापुर और दानगंज के बीच ढेरही टोल प्लाजा बंद करने की मांग पर बुधवार दोपहर पुलिस को चकमा देकर पूर्वांचल किसान यूनियन के नेता अजीत सिंह पहुंच गए। उन्होंने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, तब तक पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। टोल प्लाजा के पास एवं जिले के अलग-अलग हिस्सों से कुल 14 लोग हिरासत में लिए गए। देर शाम तक सभी को अलग-अलग थानों पर बैठाया गया था।

टोल प्लाजा तत्काल बंद करने, 14 साल पहले से अधिग्रहित जमीन के बाद भी कथित तौर पर किसानों को मुआवजा नहीं मिलने, प्लाजा जौनपुर के रामपुर चंदवक में स्थानांतरित करने समेत कुल चार मांगों के साथ पूर्वांचल किसान यूनियन का प्रदर्शन प्रस्तावित था। पूर्व में प्रदर्शन के ऐलान को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से कई बार यूनियन के नेताओं से बातचीत की गई। हालांकि किसान नेता नहीं माने और टोल प्लाजा पर बुधवार के प्रदर्शन पर अड़े रहे। इसे देखते हुए पुलिस पहले से अलर्ट थी। भोर में ही चोलापुर पुलिस पहुंच गई थी। सुबह फूलपुर, चौबेपुर, बड़ागांव, सारनाथ के अलावा सिगरा, लालपुर-पांडेयपुर, कैंट थाने की फोर्स भी बुला ली गई। एसीपी सारनाथ विनय द्विवेदी, एसीपी दशाश्वमेध डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी समेत चार एसीपी तैनाती हो गए। पीएसी भी बुला ली गई।



किसान नेता अजीत सिंह ने ढेरही टोल प्लाजा हटाने के लिए आत्मदाह का प्रयास किया।

अगस्त से फ्री पास खत्म होने पर रोष

23 सितम्बर 2023 को भी किसानों ने विरोध किया था। 16.6 किमी की सड़क नहीं बनने से चोलापुर, डोभी और केराकत ब्लॉक के ग्रामीणों का टोल फ्री हुआ और लोकल जनता आधार कार्ड दिखाकर आने जाने लगी। 12 अगस्त 2026 को नई कम्पनी ने लोकल का फ्री-पास समाप्त कर दिया, जिससे आक्रोश बढ़ता गया।

किसानों-एनएचएआई में पांच साल से टकराव

दानगंज। टोल प्लाजा का विवाद 2017-18 में वाराणसी-आजमगढ़ फोरलेन के निर्माण के साथ शुरू हुआ। जौनपुर जनपद के किसानों का मुआवजा पर एनएचएआई से विवाद होने पर काम रुक गया। निर्माण में लगी गायत्री कंस्ट्रक्शन ने अस्थायी रूप से ढेरही में टोल स्थापित कर दिया। किसानों के विरोध पर टोल प्लाजा का निर्माण भी दो साल रुका था।

अध्यक्ष समेत कई नेता हाउस अरेस्ट किए गए

रोहनिया। प्रदर्शन के आह्वान के मद्देनजर पूर्वांचल किसान यूनियन के अध्यक्ष योगीराज सिंह पटेल के साथ ही एहतियात के तौर पर राजकुमार गुप्ता, नंदलाल मास्टर, मुकेश पटेल, शिवकुमार राजभर, गणेश शर्मा, सुरेश राठौर, मुस्तफा आदि किसान नेताओं को पुलिस ने एहतियातन पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया था। शाम तक वे उसी स्थिति में रहे।

विधायक ने भी टोल मुक्त कराने के कई प्रयास किए

दानगंज। विधायक टी. राम ने बताया कि ढेरही टोल प्लाजा को बंद करने के लिए उन्होंने भी पूर्व में कई बार प्रयास किए। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ई-मेल भेजे। एनएचएआई के एमडी एवं चेयरमैन से वार्ता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी गंभीरता समझी। उच्चस्तरीय वार्ता के बाद बुधवार से टोल प्लाजा से टैक्स वसूली स्थगित कर दी गई है।

इधर, दोपहर करीब एक बजे रोडवेज बस से पूर्वांचल किसान यूनियन के जौनपुर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह पेट्रोल और तिरंगा लिए वहां पहुंचे। उनके साथ कुछ कार्यकर्ता भी थे। नारेबाजी करते अजीत सिंह ने कुछ पेट्रोल अपने सिर पर उड़ेला, तब तक पुलिस ने पकड़ लिया। यूनियन नेता और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग थानों पर ले जाया गया। डीसीपी वरुणा जोन राजेश पांडेय ने बताया कि बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन एवं निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर अजीत सिंह समेत कुल 14 लोग हिरासत में लिए गए थे। सभी को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। इन सभी की निगरानी की जा रही है।

जौनपुर सीमा सील, जगह-जगह नाकेबंदी: किसानों के प्रदर्शन को रोकने के लिए कड़ी चौकसी थी। इसके लिए जौनपुर, आजमगढ़ सीमा सील कर दी गई थी।

सीईसी के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



महानगर युवा कांग्रेस की तरफ से बीएचयू के छित्तूपुर गेट के पास किया गया प्रदर्शन।

वाराणसी, प्रमुख संवाददाता। महानगर युवा कांग्रेस की तरफ से बुधवार को बीएचयू के छित्तूपुर गेट के पास मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों को प्रतीकात्मक तरीके से जनता के सामने रखा।

महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव जनता के विश्वास की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और मतदाता के मत की विश्वसनीयता हर हाल में कायम रहनी चाहिए। वाराणसी में चुनाव परिणाम को लेकर पारदर्शिता और निष्पक्षता के सवालों की जांच होनी चाहिए और चुनाव रद्द कर पुनः चुनाव कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम संयोजन उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सिद्धार्थ केसरी ने किया। अध्यक्षता महानगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष चंचल शर्मा ने की। इस दौरान ओमशंकर शुक्ला, विकास सिंह, मुरारी यादव, रोहित दुबे, सुमन आनंद, शांतनु, जमाल अहमद, शिवम, अंकित तिवारी, सूरज यादव, आयुष पटेल, प्रियदर्शन मीना, गुलशन यादव, निक्सन भारती, प्रिंस साहू, विवेक राजपूत आदि शामिल रहे।

सपा का कल पीडीए व्यापारी सम्मेलन

वाराणसी, मुसं। सपा का पीडीए व्यापारी जिला सम्मेलन दो अक्तूबर को होगा। पांडेयपुर-पैगंबरपुर पंचक्रोशी मार्ग स्थित श्रीराम पीजी कॉलेज ऑफ कॉमर्स ऐंड एजुकेशन के प्रांगण में प्रातः दस बजे से होने वाले आयोजन में पांच सौ से अधिक व्यापारी और वैश्य समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता ने बुधवार को भेलूपुर स्थित सपा के महानगर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। बताया कि मुख्य अतिथि चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह होंगे। विप सदस्य डॉ. आशुतोष सिन्हा, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल एवं सपा के प्रदेश सचिव डॉ.अजय चौरसिया विशिष्ट अतिथि होंगे।

काशी में उद्योग विकास मोदी को बताए

मुलाकात

वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। एमएसएमई राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने यूपी के विकास, वाराणसी में संचालित विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र तथा पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान राज्यमंत्री ने यहां चल रहे विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।

राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एमएसएमई विभाग की सहभागिता, प्रदेश के उद्यमियों, कारीगरों एवं लघु उद्योगों को उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों तथा उत्तर प्रदेश में व्यापार एवं



नई दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एमएसएमई राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें कलाकृति सौंपी।

औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को मिल रहे प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों, ऋण सुविधा, कौशल उन्नयन एवं बाजार से जोड़ने के अवसरों पर भी चर्चा हुई।

राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पारंपरिक कारीगर एवं शिल्पकार अपने हुनर से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण रही।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा प्रथम तल, श्री बेरीवाला स्मृति भवन, पी.डी.आर. मॉल के पास, लक्सा रोड, वाराणसी 221010 (उत्तर प्रदेश)

E mail:-sarvar@bankofbaroda.com, website:-wwwbankofbaroda.bank.in, Mob no:- 9554959534

विक्रय सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु अनुर्गत - IV-A

[नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के-प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी/जमानतकर्ता एवं कानूनी वारिसों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जे में ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर ई-नीलामी / बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता / कानूनी वारिस / प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

नीलामी की तिथि- 23.10.2026 समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी/ट्रांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 22.10.2026 या उसके पहले किया जायेगा।

क्रं0 सं0	ऋणिकर्ता/जमानतकर्ताओं/ कानूनी वारिसों का नाम एवं पता/ प्रोपराइटर	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	**ऋणकर्ताः- श्री उदय प्रताप सिंह** पुत्र श्री शिवजग सिंह, पता 1316, वार्ड नं. 1, नई बस्ती, अलीनगर, मुगलसराय, जिला चंदौली (उ.प्र.)-232101 **जमानतकर्ता- श्री अजय तिवारी** पुत्र श्री विवेकानन्द तिवारी, मकान नं. 5, ग्राम- गुवास, अलीनगर, परगना धूस, मुगलसराय, जिला. चंदौली (उ.प्र.) - 232101	अचल सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आराजी नं. 132 क, जोकि मौजा अलीनगर, परगना धूस, तहसील मुगलसराय (अब पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर), जिला. चंदौली में श्री उदय प्रताप सिंह पुत्र शिवजग सिंह के नाम से स्थित है। क्षेत्रफल 3915 वर्ग फिट। **डीड के अनुसार चौहद्दी-पूरब** -मोती और अन्य लोगों की भूमि **पश्चिमः** राजमती देवी की भूमि **उत्तरः** सोहन और मोहन की भूमि **दक्षिणः** 12 फ़ीट चौड़ा कच्चा रास्ता उसके बाद राजनारायण का मकान	रु. **35,36,285.09** + दिनांक 31.01.2026 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	**रु. 74,00,000/-** **रु.7,40,000/-** **रु.25,000/-**	सांकेतिक	**दिनांक 22.10.2026 सांय 5 बजे तक**
2	**ऋणकर्ताः- मेसर्स रचना राइस मिल, रजिस्टर्ड पताः** गाँव तेनुवट, परगना बढवल, तहसील सकलडीहा, ज़िला चंदौली-232108 **प्रोपराइटर श्री रवींद्रनाथ चौबे** पुत्र श्री उमराव चौबे, निवासीः गाँव तेनुवट, परगना बढवल, तहसील सकलडीहा, ज़िला चंदौली-232108)	अचल सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय प्लॉट अराज़ी नंबर 479, क्षेत्रफल 1.42 एकड़ में से 0.287 हेक्टेयर, कुल भूमि का 1/2 हिस्सा, श्री रवींद्र नाथ चौबे के स्वामित्व में है (भूमि का 2/3 हिस्सा सेल डीड दिनांक 04-07-2012 के द्वारा क्रय किया और 1/3 हिस्सा कानूनी विरासत में मिला था)। यह संपत्ति मौज़ा तेनुवट, परगना बढवल, तहसील सकलडीहा, ज़िला चंदौली में श्री रवींद्र नाथ चौबे पुत्र श्री उमराव चौबे के नाम से स्थित है। **सेल डीड दिनांक 04-07-2012 की सेल डीड के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दी - पूरब** -हरिद्वार की भूमि **पश्चिमः** विक्रेता की भूमि **उत्तरः** ट्यूबवेल / अखिलेश की भूमि एवं सड़क **दक्षिणः** बृज किशोर और अन्य की भूमि	रु. **22,99,429.16** + दिनांक 19.01.2025 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	**रु. 83,60,000/-** **रु.8,36,000/-** **रु.25,000/-**	सांकेतिक	**दिनांक 22.10.2026 सांय 5 बजे तक**
3	**ऋणकर्ताः- श्रीमती रेखा कुमारी** पत्नी श्री मुकेश **जमानतकर्ताः श्री मुकेश कुमार यादव** पुत्र श्री लालजी यादव, **दोनों निवासीः** ग्राम चुप्पेपुर, चकिया, ज़िला चंदौली, उत्तर प्रदेश - 232103	अचल सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आराज़ी नंबर 40, जोकि मौज़ा करमचक, परगना केरामगरौर, तहसील चकिया, ज़िला चंदौली प्लॉट का क्षेत्रफल 270.50 वर्ग मीटर में कुमारी रेखा कुमारी पत्नी मुकेश के नाम से स्थित है। **चौहद्दी-पूरब-** बच्चा मिश्रा की भूमि **पश्चिमः** चकिया-मुगलसराय मार्ग **उत्तरः** विक्रेता की भूमि का भाग **दक्षिणः** गीता देवी की भूमि	रु. **24,51,649.76** + दिनांक 09.10.2025 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	**रु. 27,30,000/-** **रु.2,73,000/-** **रु.10,000/-**	सांकेतिक	**दिनांक 22.10.2026 सांय 5 बजे तक**
4.	**ऋणकर्ता- मेसर्स हरीश पोल्ट्री प्रोडक्शन,** प्रोपराइटर-**श्री हरीश चंद्र प्रसाद सिंह** पुत्र स्वर्गीय श्री गिरजा प्रसाद सिंह, **जमानतकर्ता - श्री विकास कुमार गुप्ता** पुत्र श्री बचाऊ लाल, दोनों का पता- निवासी ग्राम व पोस्ट अहरौरा, जिला मिर्जापुर (उ0प्र0)-231301	साम्यिक बंधक सम्पत्ति भूमि एवं भवन क्षेत्रफल 3290 वर्ग फिट जोकि मौजा महुली, परगना अहरौरा, तहसील चुनार, जिला मिर्जापुर में श्री हरीश चंद्र प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री गिरजा प्रसाद सिंह के नाम स्थित है। **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी पूरब-** बसंतु और गंगा का मकान तथा गली; **पश्चिमः** हीरा, मुन्नी लाल आदि का मकान; **उत्तरः** मक्खन का मकान और गली; **दक्षिणः** विक्रेता की भूमि और चौहद्दी	रु.**45,17,812.22** + दिनांक **22.01.2024** से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	**रु. 18,90,000/-** **रु.1,89,000/-** **रु.10,000/-**	सांकेतिक	**दिनांक 22.10.2026 सांय 5 बजे तक**

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के **मोबाईल नं. 9554959534**, ईमेलः sarvar@bankofbaroda.com से सम्पर्क कर सकते है।

दिनांक : 28.09.2026 स्थानः वाराणसी **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

खंड स्नातक के 11 और शिक्षक के पांच पर्चे बिके

एमएलसी चुनाव

वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। विधान परिषद सदस्य वाराणसी खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए दूसरे दिन बुधवार को भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। इस दौरान खंड स्नातक के लिए 11 और शिक्षक निर्वाचन के लिए 5 लोगों ने नामांकन पत्र लिए। दो दिनों में स्नातक के 20 और शिक्षक निर्वाचन के 10 नामांकन पत्र बिक चुके हैं।

अपर आयुक्त (प्रथम) न्यायालय में नामांकन प्रक्रिया छह अक्तूबर तक चलेगी। बुधवार को खंड स्नातक के लिए आशुतोष सिन्हा (समाजवादी पार्टी), बेनी माधव (निर्दल), देव कुमार (निर्दल), चंद्रप्रकाश गुप्ता (निर्दल), पंकज कुमार सिंह (निर्दल), रंजीत कुमार यादव (निर्दल), प्रीति सिंह (निर्दल), वहीदुल्लाह खान (निर्दल), तुषार गोस्वामी (निर्दल), अरविंद कुमार (निर्दल) और डॉ. पंकज कुमार गौतम (निर्दल) सहित कुल 11 लोगों ने पर्चे लिए। शिक्षक निर्वाचन के लिए प्रमोद कुमार मिश्रा (भाजपा), लालबिहारी यादव (समाजवादी पार्टी), ऋतिका दुबे (निर्दल), कपिलदेव यादव (निर्दल) तथा चेतनारायण सिंह (निर्दल) ने नामांकन पत्र लिया।

वीडीए से सील तीन मंजिला भवन में रसूखदार हुए हावी

वाराणसी, प्रमुख संवाददाता। गुरुबाग तिराहे पर दो सप्ताह पहले वीडीए प्रशासन ने तीन मंजिल व्यावसायिक भवन को सील किया था। लेकिन रसूख का हवाला देकर अवैध निर्माण करने वालों ने उसमें व्यावसायिक गतिविधियां शुरू करा दी हैं। कई दिन बाद भी वीडीए प्रशासन चुप है। इससे विभागीय मिलीभगत की चर्चा चल पड़ी है।

इस भवन में बड़े शोरूम संचालक व्यापार चला रहे हैं जबकि, छोटे दुकानदारों को दुकानें नहीं खोलने दी जा रही हैं। मकान मालिक जबरन उनसे प्रतिमाह 15 हजार रुपये किराया ले रहे हैं। जब इन छोटे दुकानदारों ने वीडीए में

■ **गुरुबाग तिराहे पर 14 सितंबर को भवन सील किया गया था**

शिकायत की तो जोन स्तर के अधिकारियों ने भवन सील होने की बात कहकर टालमटोल शुरू कर दी। वे स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वीडीए प्रशासन ने बीते 14 सितंबर को भवन स्वामी सोमेशपति त्रिपाठी, राजेशपति त्रिपाठी, अंबरीशपति त्रिपाठी, योगेशपति त्रिपाठी के नाम नोटिस जारी करते हुए भवन को सील किया था। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि गसील भवन की तत्काल जांच कराई जाएगी।

सेवा संकल्प बाइक यात्रा पर जनसभा सात को

वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के प्रशासकीय काल के उपलक्ष्य में निकली सेवा संकल्प बाइक यात्रा का समापन सात अक्तूबर को जनसभा के साथ होगा। जगतपुर इंटर कॉलेज में होने वाली सभा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सीएम योगी आदित्यनाथ एवं असोम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा संबोधित करेंगे। वडनगर से चले 500 बाइक यात्री जनसभा का हिस्सा बनेंगे।

पार्टी ने जनसभा में 50 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य बनाया है। बुधवार को सर्किट हाउस में राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने समीक्षा की। उन्होंने बताया कि वडनगर से चले 500 बाइक यात्री सात अक्तूबर को वाराणसी पहुंचेंगे। उनका स्वागत नमो घाट पर होगा। बाइक यात्री वहीं नमो बुक फेस्टिवल देखेंगे। यहां प्रधानमंत्री

■ **राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, यूपी और असोम के सीएम आएंगे**

■ **वडनगर से चले 500 बाइक यात्री बनेंगे सभा का हिस्सा**

भाजपा नेताओं ने किया सभास्थल का निरीक्षण

जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में प्रस्तावित जनसभा स्थल का बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। मंच की स्थिति, ध्वनि व्यवस्था, मार्ग समेत अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।

पर लिखी 450 से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। इसके बाद यात्री क्रूज से ललिता घाट पहुंचेंगे और अपने साथ लाए जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक करेंगे। क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने बताया कि तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों की बैठक एक अक्तूबर को होंगी।

जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी रहे मौजूद: सर्किट हाउस की बैठक में काबीना मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल और डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल, जिला पंचायत की प्रशासक पूनम मौर्या, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, एमएलसी धर्मेंद्र राय, मनीष कपूर, सुरेंद्र नारायण सिंह ओढ़े, नवरतन राठी, अनूप जायसवाल, जगदीश त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, अमित राय, विपिन सिंह, अवधेश राय, प्रमिल पांडेय आदि उपस्थित रहे। संचालन क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया।